पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा आठ, नौ और 10 को

कन्नौज। पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से आयोजित कराने के लिए जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने बैठक कर तैयारियों का जायजा लिया।

कलक्ट्रेट गांधी सभागार में डीएम आशुतोष मोहन अग्निहोत्री व एसपी विनोद कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टेटिक मजिस्ट्रेट तथा परीक्षा केंद्र व्यवस्थापकों के साथ बैठक की गई। बताया गया कि परीक्षा के लिए 12 केंद्र बनाए गए हैं, जहां पर आठ, नौ व 10 जून को दो-

डीएम, एसपी ने तैयारियों का लिया जायजा

दो पालियों में परीक्षा आयोजित की जाएगी। प्रथम पाली की परीक्षा सुबह 10 से 12 बजे तक तथा द्वितीय पाली की परीक्षा तीन से शाम पांच बजे तक होगी। प्रत्येक पाली में 3,696 अभ्यर्थी सम्मिलित होंगे तथा तीन दिन में 22,176 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे।

डीएम ने कहा कि सभी परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी क्रियाशील रहें तथा नेटवर्क एवं विद्युत व्यवस्था निर्बाध रूप से संचालित रहे। विद्युत आपूर्ति बाधित होने पर जनरेटर तैयार रखा जाए, जिससे निगरानी व्यवस्था प्रभावित न हो। उन्होंने कहा कि परीक्षा के दौरान लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसलिए जिम्मेदारी से काम करें।

बैठक में एडीएम देवेंद्र सिंह, एएसपी अजय कुमार, उपजिलाधिकारी तिर्वा वैशाली, उपजिलाधिकारी सदर नवनीता राय, डीआईओएस पप्पू सरोज, बीएसए संदीप सिंह सहित सेक्टर मजिस्ट्रेट आदि मौजूद रहे। (संवाद)

सम्मान पाकर चहक उठे मेधावी

हाईस्कूल और इंटरमीडिएट में 80 से अधिक अंक लाने वाले 60 मेधावियों को किया सम्मानित

संवाद न्यूज एजेंसी

छिबरामऊ। अखिल भारतीय शाक्य महासभा की ओर से गुरुवार को एक निजी गेस्ट हाउस में मेधावियों का प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित हुआ। सम्मान प्रतिभा सम्मान समारोह में अतिथियों ने मेधावियों को उठो जागो और लक्ष्य तक आराम न करने की नसीहत दी। कार्यक्रम में हाईस्कूल और इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षाओं में 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले शाक्य समाज के बच्चों को सम्मानित किया गया।

समारोह बुद्ध वंदना और पंचशील पाठ के साथ शुरू हुआ। विभिन्न विद्यालयों से हाईस्कूल व इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षाओं में 80 प्रतिशत से अधिक अंकों से सफल हुए शाक्य समाज के कोमल शाक्य, साहिल शाक्य, हिमांशु शाक्य, लवी, आयुष, प्रियांशु, नैसी, प्रतीक, अभिनव, दिव्या, तनवी, वैष्णवी व नमन समेत 60 बच्चों को स्मृति चिह्न व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

आईआईटी पालक्काड (केरल) की डॉ. गरिमा शाक्य ने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि खुद को कभी कमजोर न समझें, ईर्ष्या से दूर रहें और सोशल मीडिया का सीमित उपयोग कर अपने माता-पिता के संघर्षों को सफल बनाएं।

एनआईटी सूरत (गुजरात) के डॉ. राजकमल मौर्य ने युवाओं को मंत्र देते हुए कहा कि बुलंदियों पर पहुंचना आसान है, लेकिन वहां ठहरना मुश्किल है। यह आपके कॅरिअर का पहला कदम है। उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य हासिल न हो जाए। राजस्थान (अलवर) के उपकुलपति डॉ. भारत सिंह शाक्य ने शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए छात्रों को अपनी रुचि के अनुसार करियर स्ट्रीम चुनने की सलाह दी। महासभा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. आलोक शाक्य ने समाज को शिक्षित और संगठित बनने का संदेश दिया।

संगठन प्रदेश संयोजक कुलदीप कुमार शाक्य (अध्यापक) ने कहा कि कठिन परिश्रम से पाई गई मंजिल ही टिकाऊ होती है, इसलिए शॉर्टकट के बजाय मेहनत का रास्ता चुनें। प्रतिभा सम्मान समारोह के दौरान 17 प्रबुद्ध व्यक्तियों को महासभा का आजीवन सदस्यता प्रमाण पत्र भी सौंपा।

जिलाध्यक्ष हरिशरण शाक्य एडवोकेट की अध्यक्षता एवं दीपक शाक्य के संचालन में संपन्न हुए प्रतिभा सम्मान समारोह में संगठन की सांस्कृतिक सचिव दीपमाला शाक्य, दिल्ली प्रदेश संरक्षक समर सिंह शाक्य, प्रदेश सचिव गौरव शाक्य, महासचिव राजेश कुमार शाक्य (एडवोकेट), कोषाध्यक्ष रविन्द्र सिंह शाक्य आदि मौजूद रहे।

सम्मानित किए गए मेधावियों के साथ संगठन के पदाधिकारी। संवाद

जेंडर सीआरपी व शक्ति सखी चयन में 40 परीक्षार्थी

तिर्वा। उमदां ब्लॉक सभागार में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) के तहत गुरुवार को जेंडर सीआरपी एवं शक्ति सखी के चयन के लिए लिखित परीक्षा का आयोजन किया गया। परीक्षा में क्षेत्र की 40 महिलाओं ने प्रतिभाग किया।

चयन प्रक्रिया के तहत दो महिलाओं का चयन किया जाएगा। चयनित महिलाएं गांवों में जेंडर समानता को बढ़ावा देने, बालिका शिक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने, महिला सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर काम करने तथा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। इसके साथ ही वे विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी महिलाओं तक पहुंचाकर उन्हें लाभान्वित कराने का कार्य भी करेंगी। परीक्षा शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी वातावरण में संपन्न कराई गई।

इस दौरान जिला मिशन प्रबंधक एनआरएलएम जितेंद्र सिंह, प्रोग्राम ऑफिसर ट्रिपल सी मोहम्मद जकी, ब्लॉक मैनेजर शखावत अली सहित नारी शक्ति महिला संकुल संघ एवं तिर्वा देहात के पदाधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने परीक्षा केंद्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।(संवाद)

केनरा बैंक Canara Bank
भारत सरकार का उपक्रम
A Government of India Undertaking
कब्जा नोटिस
आस्ति वसूली प्रबंधन शाखा, विपिन खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ - 226010

यद्यपि अधोहस्ताक्षरी, **केनरा बैंक, आस्ति वसूली प्रबंधन शाखा, लखनऊ** के प्राधिकृत अधिकारी, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण व पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (2002 के अधिनियम सं. 54) के अंतर्गत, जिसे इसके बाद 'अधिनियम' कहा जाएगा, एवं धारा 13(12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित, प्रत्येक खाते के सामने उल्लिखित तिथियों पर एक मांग नोटिस जारी किया गया था (जिसका विवरण नीचे दिया गया है), जिसमें ऋणी को उक्त नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर नोटिस में उल्लिखित राशि का भुगतान करने के लिए कहा गया था।

ऋणी/गारंटर द्वारा राशि का भुगतान करने में विफल रहने पर, ऋणी व आम जनता को इसके द्वारा सूचित किया जाता है कि प्राधिकृत अधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के अंतर्गत, उक्त नियम के नियम 8 और 9 के साथ पठित प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा ले लिया है।

ऋणी/गारंटर का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है, वे उपलब्ध अवधि के अन्दर बैंक देयों का भुगतान कर बंधक सुरक्षित परिसम्पत्तियों को मुक्त करा लें। विशेष रूप से ऋणी/गारंटर एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि वे संपत्ति से सम्बन्धित किसी भी प्रकार का कोई भी सौदा/व्यवहार बैंक के अतिरिक्त अन्य किसी से न करें एवं ऐसा कोई भी सौदा/व्यवहार **केनरा बैंक, आस्ति वसूली प्रबंधन शाखा, लखनऊ** को देय राशि व तत्सम्बन्धित ब्याज हेतु जैसा कि नीचे खाते के सम्मुख उल्लेखित किया गया है, के अध्यधीन होगा।

क्र. सं.	ऋणी/गारंटर/बंधककर्ता का नाम व पता	बंधक अचल/चल सम्पत्ति का विवरण	बकाया धनराशि 13 (2) के अनुसार / 13 (4) के अनुसार	मांग सूचना की तिथि कब्जे की तिथि
1	1. मेसर्स के.सी.बी.एल. कैनुअल्ला (ऋणी) प्रीति गुप्ता पत्नी स्व. पीयूष गुप्ता (प्रोपराइटर) 2. प्रीति गुप्ता पत्नी स्व. पीयूष गुप्ता (प्रोपराइटर) 3. स्व. पीयूष गुप्ता (गारंटर एवं बंधककर्ता) मृतक के कानूनी वारिसों द्वारा प्रतिनिधित: • श्रीमती प्रीति गुप्ता पत्नी स्व. पीयूष गुप्ता • सुश्री पायनी गुप्ता पुत्री स्व. पीयूष गुप्ता • श्री केतन गुप्ता पुत्र स्व. पीयूष गुप्ता	प्रीहोल्ड संपत्ति के सभी भाग व हिस्से निहित फ्लैट सं. 21, **क्षेत्रफल 78.53 वर्ग मी. साथ ही 10.921 वर्ग मी. भूमि के अविभाजित हिस्से** के साथ, परिसर सं. 8/155 का हिस्सा, द्वितीय तल, आर्य नगर, कानपुर-208002, प्लॉट सं. 98, गृहेया स्कीम सं. 7, कानपुर पर निर्मित, **चौहद्दी:- उत्तर:** मकान सं. 8/154 एवं परिसर सं. 8/154, **दक्षिण:** सीढ़ियां एवं परिसर सं. 8/156, **पूर्व:** फ्लैट सं. 22 एवं 6.09 मी. चौड़ा रास्ता, **पश्चिम:** फ्लैट सं. 20 एवं 3.04 मी. चौड़ा रास्ता **स्वामित्व धारक का नाम: स्व. पीयूष गुप्ता मृतक के कानूनी वारिसों द्वारा प्रतिनिधित: श्रीमती प्रीति गुप्ता पत्नी स्व. पीयूष गुप्ता, सुश्री पायनी गुप्ता पुत्री स्व. पीयूष गुप्ता एवं श्री केतन गुप्ता पुत्र स्व. पीयूष गुप्ता**	₹ 1,12,61,708.20 + ब्याज एवं अन्य खर्चे / ₹ 1,18,33,177.00 30.04.2026 तक एवं उस पर 01.05.2026 से ब्याज	07.03.2026 30.05.2026

स्थान: लखनऊ — प्राधिकृत अधिकारी, केनरा बैंक

ढोलक पर थाप का तरीका सीखा, नृत्य में थिरके पैर

हरदोई। अस्तित्व फाउंडेशन के बैनर तले चल रहे महिला सशक्तीकरण प्रशिक्षण शिविर में बहुस्पतिवार को अलग-अलग विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया। ढोलक पर थाप देना सिखाया गया तो वहीं थाप पर थिरकने का प्रशिक्षण भी दिया गया। अस्तित्व फाउंडेशन की अध्यक्ष ऋचा गुप्ता ने बताया कि छात्राओं को ढोलक पर थाप देने का तरीका विशेषज्ञों ने बताया। मार्शल आर्ट्स की बारीकियां भी बताई गईं। इस दौरान प्रतिभागियों को डॉलीयो किक, आउट-टू-इन किक, इन-टू-आउट किक और पुश किक का अभ्यास कराया गया। मेहंदी प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को पॉस्सल वर्क के माध्यम से छोटी-छोटी बूटियां बनाना सिखाया गया। फाउंडेशन की उपाध्यक्ष लक्ष्मी गुप्ता ने इस मौके पर कहा कि ऐसे आयोजन व्यक्तित्व विकास और स्वरोजगार में सहायक होते हैं। (संवाद)

सेना में चयनित होकर तीन छात्रों ने बढ़ाया गौरव

अमन व रितिक का सेना, अजय का वायुसेना में चयन

संवाद न्यूज एजेंसी

गुरसहायगंज। कड़ी मेहनत, दृढ़ संकल्प और निरंतर प्रयास से सफलता अवश्य मिलती है। बाबू जागेश्वर प्रसाद मेमोरियल इंटर कॉलेज के तीन पूर्व छात्रों ने सेना और एयरफोर्स में चयनित होकर अपने विद्यालय, क्षेत्र और परिवार का नाम रोशन किया है। विद्यालय में कार्यक्रम आयोजित कर छात्रों को सम्मानित किया गया।

प्रधानाचार्य अमित कुमार यादव ने बताया कि वर्ष 2022-23 बैच के छात्र ग्राम रजलामऊ निवासी अमन शर्मा एवं रितिक कुमार का भारतीय सेना में चयन हुआ है, जबकि वर्ष 2023-24 बैच के छात्र अजय प्रताप सिंह का भारतीय वायुसेना में चयन हुआ है।

इन छात्रों की उपलब्धि विद्यालय के लिए गर्व का विषय है और यह अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनेगी।

सम्मान समारोह में प्रधानाचार्य ने छात्रों को फूलमाला एवं मेडल पहनाकर सम्मानित किया तथा मिठाई खिलाकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

इस अवसर पर छात्रों ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, शिक्षकों और विद्यालय द्वारा मिले मार्गदर्शन को दिया। सेना में चयनित अमन शर्मा ने बताया कि वह दूसरे प्रयास में सफल हुए। रितिक कुमार और एयरफोर्स में चयनित अजय प्रताप सिंह ने बताया कि इंटरमीडिएट की पढ़ाई पूरी करने के बाद से ही उन्होंने देश सेवा का लक्ष्य निर्धारित कर लिया था।

इसी उद्देश्य को लेकर उन्होंने दिन-रात मेहनत की और शिक्षकों के मार्गदर्शन में अपने सपने को साकार किया।

छात्रों की इस उपलब्धि से उनके परिवारों में खुशी का माहौल है। कार्यक्रम में मोहम्मद राशिद खान, ओमेंद्र सिंह, कल्पेंद्र सिंह, रंजीत कुमार, विवेक यादव, पंकज पाल, सचिन कुमार, शेखर कश्यप आदि मौजूद रहे।

मिठाई खिलाकर सम्मानित करते प्रधानाचार्य अमित कुमार यादव। संवाद

गुरुजी घर-घर देंगे दस्तक, बच्चों के बढ़ाएंगे नामांकन

कन्नौज। परिषदीय स्कूलों में शत प्रतिशत नामांकन लक्ष्य प्राप्त करने के लिए 16 जून से ही विशेष अभियान शुरू होगा। ग्रीष्मावकाश के बाद प्रवेशोत्सव के दूसरे चरण में गुरुजी घर-घर जाकर बच्चों का नामांकन बढ़ाने का प्रयास करेंगे।

जिले में 1459 परिषदीय स्कूलों में 1.18 लाख छात्र अध्ययनरत हैं। स्कूलों में नामांकन प्रक्रिया को गति देने के लिए बेसिक शिक्षा विभाग ने रणनीति तैयार की है। इसमें स्कूल चलो अभियान, ड्रॉप आउट बच्चों के साथ बालिकाओं की शिक्षा पर जोर व एसएमसी सदस्यों को साथ में घर-घर संपर्क करके अभिभावकों को स्कूलों से मिलने वाली बुनियादी व सरकारी सुविधाओं से जागरूक किया जाएगा। उन्होंने बताया कि ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद स्कूलों के खुलने के साथ ही स्कूल चलो अभियान और प्रवेशोत्सव का दूसरा चरण शुरू किया जा रहा है। (संवाद)

आकाश पाल का चयन एयरफोर्स में

छिबरामऊ। ग्राम तिलोकापुर निवासी आकाश पाल का चयन एयर फोर्स में होने पर गांव और आसपास के क्षेत्र में खुशी का माहौल है। गुरुवार को चयन की सूचना मिलने के बाद लोगों ने उनके घर पहुंचकर परिवार को शुभकामनाएं दीं तथा मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। क्षेत्र के ग्राम तिलोकापुर निवासी आकाश पाल पूर्व प्रधान जदुनाथ पाल के भतीजे तथा आशुतोष पाल के पुत्र हैं। परिवार ने खेती-किसानी के साथ उनका पालन-पोषण और शिक्षा-दीक्षा कराई। उनकी इस उपलब्धि से परिजन, रिश्तेदार और ग्रामीण गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। इस दौरान सपा के वरिष्ठ नेता बाबा रामप्रकाश, विधानसभा अध्यक्ष किशनी सतीश यादव, आशीष पाल आदि ने आकाश के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

सेन्ट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया
Central Bank of India
1911 से आपके लिए "सेन्ट्रल" "CENTRAL" TO YOU SINCE 1911
क्षेत्रीय कार्यालय : न्यू मण्डी फर्रुखाबाद रोड इटावा
ई-नीलामी बिक्री सूचना

[नियम 8(6)]
अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री सूचना

वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 सहपठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8(6) के तहत के अधीन अचल परिसंपत्तियों के बिक्री की ई-नीलामी बिक्री सूचना।

एतद्द्वारा सामान्य और आम जनता तथा विशेष रूप से कर्जदार/रों तथा जमानतदार/रों / बंधककर्ता/ओं को नोटिस दी जाती है कि निम्नलिखित अचल सम्पत्ति प्रत्याभूत लेनदार को बंधक/प्रभारित है, जिसका सांकेतिक/भौतिक कब्जा सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है, जिसकी बिक्री **"जैसे है जहां है", "जैसे है जो है" तथा "जो भी वहां है" तथा बिना किसी दायित्व** के आधार पर की जायेगी। सम्बन्धित सम्पत्तियों के विवरण के समक्ष आरक्षित मूल्य एवं ईएमडी प्रदर्शित है। ई-नीलामी बैंक द्वारा अनुमोदित सेवाप्रदाता ई-नीलामी एजेंसी की वेबसाइट https://baanknet.com के माध्यम से आयोजित की जाएगी। बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों के लिए, कृपया www.centralbankofindia.co.in या https://baanknet.com में दिए गए लिंक को देखें।

ई-नीलामी की तिथि व समय : 10.07.2026, प्रातः 10:00 से सायं 04:00 बजे तक (5 मिनट के असीमित समय सहित)
बिड जमा करने की अन्तिम तिथि व समय : 09.07.2026, प्रातः 11:00 बजे से अपराह्न 04:00 बजे तक

क्र. सं.	ऋणी, बंधककर्ता और जमानतकर्ता का नाम व पता	अचल सम्पत्ति का विवरण	कुल बकाया	ई-नीलामी की तिथि एवं समय	आरक्षित मूल्य/ धरोहर राशि/ बिड मूल्य
	शाखा : मुरादगंज, ओरैया शाखा प्रबन्धक सम्पर्क नं. 8303714080				
1.	**ऋणी-** i) मेसर्स हरिओम मैन्यूफैक्चरर एण्ड ट्रेडर्स, प्रोप. श्री अजय कुमार पुत्र सूबेदार सिंह, पता- सिद्धार्थ नगर, बाबरपुर देहात, पोस्ट अजीतमल, जिला ओरैया-206121 ii) श्री अजय कुमार पुत्र सूबेदार सिंह, पता- ग्राम नल्लूपुर, पोस्ट मोहमदाबाद, जिला ओरैया- 206121 तथा **जमानतकर्ता-** i) श्रीमती कामिनी देवी पत्नी श्री अनुराग बाबू, पता- मोहल्ला विद्या नगर, बाबरपुर, तहसील अजीतमल, जिला ओरैया- 206121 ii) श्री त्रिलोक कुमार पुत्र श्री रामदास सविता, पता- मोहल्ला नवीन नगर, बाबरपुर, तहसील अजीतमल, जिला ओरैया- 206121	साम्यिक बंधक सम्पत्ति **श्रीमती कामिनी देवी** पत्नी श्री अनुराग बाबू के नाम है, **मकान नं./साइट नं./सर्वे नं.** 9207 (आवासीय सम्पत्ती) सम्पत्ति स्थित- मोहल्ला विद्यानगर, कस्बा बाबरपुर, तहसील अजीतमल, जिला- ओरैया (उ.प्र.)। **भूमि भवन का विस्तार/क्षेत्रफल-** 780 वर्ग फीट। **चौहद्दी: पूरब :** प्रताप भान का प्लॉट, **पश्चिम :** कैलाश बाबू का प्लॉट, **उत्तर :** इब्राहीम का प्लॉट, **दक्षिण :** पुराना रोड ओरैया-इटावा	रु. 13,87,117.40 + उस पर बाद को लागू ब्याज तथा व्यय, कम वसूली यदि कोई हो	10.07.2026 प्रातः 10:00 से सायं 4:00 तक	रु. 31.66 लाख (आरक्षित मूल्य) रु. 3.17 लाख (अग्रिम राशि) रु. 10,000/- (बिड बढ़ोत्तरी राशि)
	शाखा – जीएमसी तिर्वा, कन्नौज शाखा प्रबन्धक सम्पर्क नं. 8303713672				
2.	**ऋणी एवं बन्धककर्ता-** i) श्री इरशाद खान पुत्र श्री शमीम खान, पता- मकान नं. 24, आजाद नगर, तिर्वागंज, पोस्ट तिर्वा नगर मस्जिद ग्राउण्ड, कन्नौज – 209732 (उ.प्र.)	साम्यिक बंधक आवासीय सम्पत्ति **श्री इरशाद खान** पुत्र श्री शमीम खान के नाम है, **मकान नं./साइट नं./सर्वे नं. मकान नं. 230, सम्पत्ति स्थित-** मोहल्ला आजाद नगर, परगना एवं तहसील- तिर्वा, जिला कन्नौज –209732 **भूमि भवन का विस्तार/क्षेत्रफल-** 450 वर्ग फीट। **चौहद्दी: पूरब :** रहमत अली का मकान, **पश्चिम :** अशलम व खलील का मकान, **उत्तर :** 10 फीट चौड़ा रास्ता, **दक्षिण :** मुस्तफा का मकान	रु. 9,88,180.70 + उस पर बाद को लागू ब्याज तथा व्यय, कम वसूली यदि कोई हो	10.07.2026 प्रातः 10:00 से सायं 4:00 तक	रु. 11.86 लाख (आरक्षित मूल्य) रु. 1.19 लाख (अग्रिम राशि) रु. 10,000/- (बिड बढ़ोत्तरी राशि)
	शाखा : कायमगंज शाखा प्रबन्धक सम्पर्क नं. 8303713679				
3.	**ऋणी एवं बंधककर्ता- घुवी ट्रेडर्स, प्रोप.- मृदुल कुमार गंगवार पुत्र सतीश चन्द्र, पता-** मोहल्ला पृथ्वी दरवाजा, तहसील कायमगंज, जिला- फर्रुखाबाद (उ.प्र.) **जमानतकर्ता- श्रीमती कमलेश गंगवार** पत्नी मृदुल कुमार गंगवार, **पता-** मोहल्ला पृथ्वी दरवाजा, तहसील कायमगंज, जिला- फर्रुखाबाद (उ.प्र.)	साम्यिक बन्धक आवासीय सम्पत्ति **श्रीमती कमलेश गंगवार** पत्नी मृदुल कुमार गंगवार के नाम है, **मकान नं./साइट नं./सर्वे नं. – खाता नं. 00077, खसरा नं. 1371मि सम्पत्ति स्थित-** याहियापुर ग्रेन, परगना कम्पिल, तहसील कायमगंज, जिला फर्रुखाबाद **भूमि भवन का विस्तार/क्षेत्रफल-** 78.75 वर्ग मी. **चौहद्दी: पूरब:** रोड 16 फीट, **पश्चिम :** गोदाम श्रीनिवास **उत्तर :** सतीश चन्द्र की सम्पत्ति, **दक्षिण :** दिलीप कुमार का प्लॉट	रु. 16,40,376.48 + उस पर बाद को लागू ब्याज तथा व्यय, कम वसूली यदि कोई हो	10.07.2026 प्रातः 10:00 से सायं 4:00 तक	रु. 18.55 लाख (आरक्षित मूल्य) रु.1.86 लाख (अग्रिम राशि) रु. 10,000/- (बिड बढ़ोत्तरी राशि)
	शाखा : मैनपुरी शाखा प्रबन्धक सम्पर्क नं. 8303714076				
4.	**ऋणी एवं बंधककर्ता- पूरन सिंह खाद भण्डार, प्रोप.- पूरन सिंह** पुत्र सुरेश चन्द्र, **पता-** मोहल्ला शान्ति नगर नई मण्डी गेट के सामने, गली नं. 2 निकट शान्ति मैरिज होम, आगरा रोड सिटी तहसील एवं जिला- मैनपुरी- 205001 (उ.प्र.)	साम्यिक बन्धक आवासीय सम्पत्ति **श्री पूरन सिंह** पुत्र सुरेश चन्द्र के नाम है, **मकान नं./साइट नं./सर्वे नं.** मकान मोहल्ला शान्ति नगर में **सम्पत्ति स्थित-** मोहल्ला शान्ति नगर, नई मण्डी गेट के सामने, गली नं. 2 निकट शान्ति मैरिज होम, आगरा रोड सिटी, तहसील एवं जिला मैनपुरी-205001 (उ.प्र.) **भूमि भवन का विस्तार/क्षेत्रफल-** 42.78 वर्ग मी. **चौहद्दी: पूरब:** सुरेन्द्र सिंह का मकान, **पश्चिम:** मारकण्ड सिंह का मकान, **उत्तर :** रास्ता 15 फीट चौड़ा, **दक्षिण :** कप्तान सिंह का मकान	रु. 8,76,598.00 + उस पर बाद को लागू ब्याज तथा व्यय, कम वसूली यदि कोई हो	10.07.2026 प्रातः 10:00 से सायं 4:00 तक	रु. 16.36 लाख (आरक्षित मूल्य) रु.1.64 लाख (अग्रिम राशि) रु. 10,000/- (बिड बढ़ोत्तरी राशि)

1. प्राधिकृत अधिकारी के सर्वोत्तम ज्ञान और जानकारी के अनुसार, सम्पत्ति पर कोई भार नही है। हालांकि, इच्छुक बोलीदाताओं को अपनी बोली प्रस्तुत करने से पहले भार, नीलामी में रखी गई सम्पत्ति/सम्पत्तियों के शीर्षक और सम्पत्ति को प्रभावित करने वाले दावों/अधिकारों/बकाया के दावे में अपनी स्वतन्त्र जांच करनी चाहिए।
2. उपर्युक्त सम्पत्तियों को ऊपर बताए गए आरक्षित मूल्य से कम पर नहीं बेचा जाएगा।
3. बोलीदाताओं की वेबसाइट https://baanknet.com पर पंजीकृत होना होगा और केवाईसी दस्तावेज सेवा प्रदाता द्वारा केवाईसी दस्तावेजों के सत्यापन के बाद अपलोड करने होंगे। धरोहर राशि एनईएफटी के माध्यम से ग्लोबल ईएमडी वॉलेट में दिनांक 09.07.2026 सायं 4:00 बजे तक जमा की जाएगी। (https://baanknet.com से चालान जनरेट होने के बाद)
4. अधिक जानकारी के लिए सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया, प्राधिकृत अधिकारी से मो. नं. 7390932121 पर सम्पर्क करें। सम्पत्तियों के निरीक्षण के लिए कृपया शाखा प्रबन्धक से सम्पर्क करें।
5. सफल बोलीदाता को सुरक्षित सम्पत्तियों के पंजीकरण/हस्तांतरण के लिए स्टांप शुल्क, पंजीकरण, कर देयता आदि जैसे सभी आवश्यक खर्च वहन करने होंगे।
6. नियम और शर्तें पूरी तरह से SARFAESI अधिनियम, नियम 2002 एवं बैंक की पॉलिसी के प्रावधानों के अनुसार होंगी।

दिनांक : 05.06.2026 — स्थान : इटावा — प्राधिकृत अधिकारी : सेन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया

अवैध रूप से संचालित विद्यालय पर शिकंजा

नोटिस चस्पा कर बंद करने की दी चेतावनी

तालग्राम। अपर शिक्षा निदेशक के निर्देश पर खंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) ने क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित राजकुमारी मेवाराम हाई स्कूल डम्मरपुरवा अमोलर पर कार्रवाई करते हुए गुरुवार को उसे तत्काल प्रभाव से बंद करा दिया। इस दौरान विद्यालय संचालक को बिना मान्यता के शिक्षण कार्य संचालित न करने की सख्त चेतावनी देते हुए नोटिस चस्पा किया है।

हरियाणा पानीपत असंध रोड नजदीक फोरेस्ट आफिस एचएन 126 आर्यानगर निवासी बदनसिंह ने अवैध रूप से संचालन की शिकायत अपर शिक्षा निदेशक कामताराम पाल से की थी। जांच में विद्यालय अवैध रूप से संचालित मिला।

संचालन में तत्कालीन बीईओ शिक्षाधिकारी रमेशचंद्र चौधरी की भूमिका संदिग्ध मिलने पर उनको निलंबित भी किया गया था।

अपर शिक्षा निदेशक के आदेश पर प्रभारी बीईओ आनंद कुमार द्विवेदी ने एआरपी प्रशांत राजपूत के साथ राजकुमारी मेवाराम हाई सेकेंड्री स्कूल डम्मरपुरवा अमोलर पहुंच कर नोटिस चस्पा किया। उन्होंने स्कूल प्रबंधक को चेतावनी दी कि अवैध रूप से विद्यालय में शिक्षण कार्य पूर्ण रूप से बंद करें।

बीईओ ने विद्यालय संचालक को निर्देश दिए कि जब तक विभागीय मान्यता एवं आवश्यक औपचारिकताएं पूरी नहीं हो जातीं, तब तक विद्यालय का संचालन किसी भी स्थिति में न किया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि आदेशों की अवहेलना किए जाने पर प्रशासनिक एवं कानूनी कार्रवाई की जाएगी। (संवाद)

शोक संदेश

बड़े दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि मेरी पत्नी **चेतना गौड़** उम्र 44 वर्ष का आज दिनांक (04-06-2026) में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार ब्रहस्पतिवार दिनांक (04-06-2026) कानपुर भैरव घाट पर किया गया।

शोकाकुल परिवार:- : पतिः- सुशील गौड़, पुत्रः- प्रशांत गौड़, पुत्रीः- हिमानी गौड़

कार्यालय जिलाधिकारी/लाइसेंस प्राधिकारी, कानपुर देहात

संख्या 281 / जि०आ०अ० / आबकारी दु०-व्यवस्थापन / 2026-27/ का० दे०/ दिनांक 03 जून, 2026

विज्ञप्ति

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि शासन द्वारा घोषित आबकारी नीति के अन्तर्गत वर्ष 2026-27 हेतु नवीनीकरण एवं पांच चरणों की ई-लाटरी के उपरान्त नवसूजित आबकारी दुकानों का व्यवस्थापन अगले चरण की ई-लाटरी के माध्यम से किया जाना है। व्यवस्थापन हेतु ऑनलाइन आवेदन पत्र दिनांक 04.06.2026 को मध्यान्ह 12:00 बजे से दिनांक 11.06.2026 को सायं 05:00 बजे तक ई-लाटरी पोर्टल https:// exciseelotteryup.upsdc.gov.in पर ऑनलाइन आमंत्रित किये जायेंगे। आवेदनों का परीक्षण करने के उपरान्त दिनांक 15.06.2026 को माँ मुक्तेश्वरी देवी सभागार, कलेक्ट्रेट, माती, कानपुर देहात में ई-लाटरी की प्रकिया सम्पन्न की जायेगी। दुकानों का विवरण निम्नवत् है :-

देशी शराब दुकान - 01. सुनवर्षा (सम्पूर्ण ग्राम पंचायत) (नवसूजित), **02. इटैली** (गांव के बाहर रजवाहा के किनारे) (नवसूजित) व **03. नयापुरवा** (स्टेट हाइवे से 220 मीटर के पश्चात्) (नवसूजित)

कम्पोजिट शॉप- 01. नधौहा (सम्पूर्ण ग्राम पंचायत) (नवसूजित)

ई-लाटरी में सफल आवंटियों द्वारा देयताओं की जमा की अन्तिम तिथि 18.06.2026 के सायं 05:00 बजे तक है तथा प्रतिभूति धनराशि निर्धारित समायनर्गत जमा किया जाना अनिवार्य होगा। व्यवस्थापन हेतु फॉस का विवरण, अन्य आवश्यक, नियम, शर्तें व अन्य जानकारी जनपद की बेबसाइट http://kanpurdehat.nic.in व आबकारी विभाग की वेबसाइट https://exciseelotteryup.upsdc.gov.in पर देखी जा सकती है अथवा कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी, कानपुर देहात के सूचनापट एवं आबकारी निरीक्षकों से प्राप्त की जा सकती है।

(संजय यादव- II) जिला आबकारी अधिकारी, कानपुर देहात

(कपिल सिंह) जिलाधिकारी, कानपुर देहात